प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022- 22660502

12 फरवरी 2024

भारत के माननीय प्रधानमंत्री, मॉरीशस के माननीय प्रधानमंत्री और श्रीलंका के माननीय राष्ट्रपति, मॉरीशस और श्रीलंका के साथ भारत की रुपे /यूपीआई संबद्धता की शुरुआत के साक्षी बने

भारत के माननीय प्रधानमंत्री, श्री नरेंद्र मोदी, मॉरीशस के माननीय प्रधानमंत्री, श्री प्रविंद कुमार जुगनौथ, और श्रीलंका के माननीय राष्ट्रपति, श्री रानिल विक्रमसिंघे, आज भारत और मॉरीशस के बीच रुपे (RuPay) कार्ड और एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) संबद्धता के साथ-साथ भारत और श्रीलंका के बीच यूपीआई संबद्धता की आभासी शुरुआत के साक्षी बने। इस अवसर पर भारतीय रिज़र्व बैंक के गवर्नर श्री शक्तिकान्त दास, बैंक ऑफ मॉरीशस के गवर्नर श्री हरवेश सीगोलम, और सेंट्रल बैंक ऑफ श्रीलंका के गवर्नर डॉ. पी. नंदलाल वीरसिंघे भी उपस्थित रहे।

2. इस संबद्धता के साथ, मॉरीशस जाने वाला एक भारतीय यात्री यूपीआई का उपयोग करके मॉरीशस में एक व्यापारी को भुगतान करने में सक्षम होगा। इसी प्रकार, मॉरीशस का यात्री मॉरीशस के इंस्टेंट पेमेंट सिस्टम (आईपीएस) ऐप का उपयोग करके भारत में भी ऐसा कर सकेगा। इसके अलावा, रुपे प्रौद्योगिकी को अपनाने के साथ, मॉरीशस की MauCAS कार्ड योजना मॉरीशस में बैंकों को घरेलू स्तर पर रुपे कार्ड जारी करने में सक्षम बनाएगी। ऐसे कार्डों का उपयोग मॉरीशस के साथ-साथ भारत में भी स्थानीय एटीएम और पीओएस टर्मिनलों पर किया जा सकता है। इसके साथ, मॉरीशस, रुपे प्रौद्योगिकी का उपयोग करके कार्ड जारी करने वाला एशिया के बाहर पहला देश बन गया है। भारतीय रुपे कार्ड मॉरीशस के एटीएम और पीओएस टर्मिनलों पर भी स्वीकार किए जाएंगे।

3. श्रीलंका के साथ डिजिटल भुगतान संबद्धता, भारतीय यात्रियों को अपने यूपीआई ऐप का उपयोग करके श्रीलंका में व्यापारी स्थानों पर क्यूआर कोड-आधारित भुगतान करने में सक्षम बनाएगी।

4. इन परियोजनाओं को भारतीय रिज़र्व बैंक के मार्गदर्शन और समर्थन के अंतर्गत मॉरीशस और श्रीलंका के सहभागी बैंकों/ गैर-बैंकों के साथ एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड (एनआईपीएल) द्वारा विकसित और निष्पादित किया गया है। इन्हें संभव बनाने में बैंक ऑफ मॉरीशस और सेंट्रल बैंक ऑफ श्रीलंका ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उपरोक्त सुविधाएं भारत, मॉरीशस और श्रीलंका में चुनिंदा बैंकों/ गैर-बैंकों/ तृतीय पक्ष एप्लिकेशन प्रदाताओं के माध्यम से शुरू की गई हैं। आगे चलकर इन सुविधाओं को बढ़ाया जाएगा।

5. यूपीआई और रुपे के माध्यम से मॉरीशस और श्रीलंका के साथ भारत का डिजिटल भुगतान संबद्धता पर सहयोग, वित्तीय एकीकरण को गहन बनाएगा तथा मॉरीशस और श्रीलंका के साथ भारत के दीर्घकालिक ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों को मजबूत करेगा।

(योगेश दयाल)

प्रेस प्रकाशनी: 2023-2024/1858

मुख्य महाप्रबंधक